कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नवीन नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)

फोन.नं– 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395; ई–मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक......46....../ संस्कृति / न.पा.नि. / 2023 रायपुर, दिनांक.....14..../ 06 / 2023

Expression of Interest (EOI)

कौशल उन्नयन हेतु गोदना (टैटू) प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक का चयन

विषयांतर्गत लेख है कि जिला खनिज संस्थान न्यास के कौशल उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत परंपरागत व आधुनिक टैटू (गोदना) कला से जुड़े पुश्तैनी युवा कलाकारों, तृतीय लिंग समुदाय, पुरूषों एवं महिलाओं को टैटू कला की संपूर्ण जानकारी देने व इन्हें रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से जोड़ने कुल 25 हितग्राहियों हेतु टैटू प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक टैटू (गोदना) कला प्रशिक्षकों से निम्नानुंसार प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है, इच्छुक प्रशिक्षकों को निम्नांकित अंक गणना आधारित मूल्यांकन के उपरांत चयनित या निरस्त किया जा सकेगा :–

क्र.	विवरण	निर्धारित अंक
01	मान्यता प्राप्त संस्थान से पंजीयन	20 अंक
02	केन्द्र अथवा राज्य शासन या उनकी अनुषंगी संस्थाओं के साथ मिलकर टैटू प्रशिक्षण का अनुभव	10 अंक
03	अन्य टैटू प्रशिक्षण कार्य का अनुभव	1. 0 से 02 वर्ष तक – 05 अंक 2. 02 से 05 वर्ष तक – 10 अंक 3. 05 से 10 वर्ष तक – 15 अंक 4. 10 वर्ष से अधिक – 20 अंक
04	टैटू कौशल प्रशिक्षण संबंधी प्रस्तुतीकरण एवं प्रदर्शन (Presentation)	20 अंक
05	टैटू प्रशिक्षण शुल्क, टैटू किट, टैटू कैटलॉग, फोटो प्रमाण पत्र सहित न्यूनतम दर (प्रति प्रशिक्षु के मान से)	1. L1 – 30 अंक 2. L2 – 20 अंक 3. L3 – 10 अंक 4. अन्य – 05 अंक

अतः इच्छुक संस्थाओं से दिनांक 22.06.2023, समय संध्या 05:00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

नियम व शर्ते :–

1. प्रतिभागियों की संख्या 25 होगी / यह आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या कम की जा सकती है।
2. अपनी संस्था के लेटरपैड में सीलबंद लिफाफे के साथ निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से कक्ष क्रमांक 221, प्रथम तल, गांधी सदन, मुख्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर में प्रस्तुत करना होगा।
3. सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर का होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
रायपुर

Scanned with CamScanner